प्रेस नोट-थाना तिलहर

जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक –04.11.2026

थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोगों में वांछित 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

संक्षिप्त विवरण

दिनांक 03.08.26 को वादी द्वारा थाना तिलहर पर दी गई तहरीर के आधार पर मु०अ०सं० 413/26 धारा 109(1), 309(6), 117(2), 352, 351(3) बीएनएस बाबत अभियुक्तगण द्वारा वादी को तमंचे की बटों से मारपीट कर घायल करने, जेब से 5,000/- रुपये नगद एवं मोबाइल फोन लूटने, जान से मारने की नीयत से फायर करने, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त प्रदीप एवं अभिषेक को दिनांक 06.08.26 को तथा अभियुक्त मनोज उर्फ विचित्र उर्फ नईया को दिनांक 01.09.26 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

इसी क्रम में दिनांक 30.09.26 को वादी द्वारा थाना तिलहर पर दी गई तहरीर के आधार पर मु०अ०सं० 527/26 धारा 191(2), 333, 308(5), 352, 351(3) बीएनएस बाबत अभियुक्तगण द्वारा एकराय होकर वादी के घर में घुसकर नाजायज असलहा दिखाकर 2,000/- रुपये की मांग करने, रुपये न देने पर गाली-गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में अभियुक्त 1. अभिषेक 2. मनोज 3. संतोष को दिनांक 15.10.26 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

आज दिनांक 04.11.26 को थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त दोनों अभियोगों में वांछित अभियुक्त 1. अनमोल सिंह पुत्र स्व0 सत्यभान सिंह, उम्र 22 वर्ष, नि0 अम्बेडकर मौजमपुर गौटिया, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर को तथा मु0अ0सं0- 527/26 में वांछित अभियुक्त 2. प्रदीप उर्फ बेचे पुत्र स्व0 रक्षपाल, उम्र 24 वर्ष, नि0मो0 बारहपत्थर, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर को खैरपुर जाने वाले रास्ते पर मंसूरपुर गौटिया वाले तिराहे के पास से समय 10:35 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण

1. अनमोल सिंह पुत्र स्व0 सत्यभान सिंह, उम्र 22 वर्ष, नि0 अम्बेडकर मौजमपुर गौटिया, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर ।
2. प्रदीप उर्फ बेचे पुत्र स्व0 रक्षपाल, उम्र 24 वर्ष, नि0मो0 बारहपत्थर, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर ।

पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 413/2026 धारा 109(1),309(6),115(2),352,351(3)/3(5) बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर ।
मु0अ0सं0 527/26 धारा 191(2),333,308(4),352,351(3) बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर ।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान

दिनांक 04.11.26 को समय 10.35 बजे, खैरपुर जाने वाले रास्ते पर मंसूरपुर गौटिया वाले तिराहे के पास से।

आपराधिक इतिहास

अनमोल

मु0अ0सं0 413/2026 धारा 109(1),309(6),115(2),352,351(3)/3(5) बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर ।
मु0अ0सं0 527/26 धारा 191(2),333,308(4),352,351(3) बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर ।

प्रदीप उर्फ बेचे

मु0अ0सं0 816/23 धारा 323/504 भादवि व 3(1)घ,3(1)द एससी एसटी एक्ट, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर ।
मु0अ0सं0 747/24 धारा 115(2)351(2)352 बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर ।
मु0अ0सं0 413/2026 धारा 109(1),309(6),115(2),352,351(3)/3(5) बीएनएस, थाना तिलहर, शाहजहाँपुर ।
मु0अ0सं0 527/26 धारा 191(2),333,308(4),352,351(3) बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

प्र0नि0 श्री प्रभाष चन्द्र
उ0नि0 श्री रमेश वर्मा
हे0का0 संजीव
का0 शिवराज
का0 हेमन्त
म0का0 भारती